# आकाशवाणी केन्द्र शिमला

## 22.08.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

### दूध खरीद

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार के प्रयासों से प्रदेश में दूध की खरीद में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और दूध की औसत खरीद एक लाख 90 हज़ार लीटर प्रतिदिन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लोगों को पशुपालन को अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है ताकि दुग्ध क्षेत्र को बढ़ावा दिया जा सके। मुख्यमंत्री ने बताया कि ग्रामीण आर्थिकी को मज़बूत करने के लिए सरकार गाय का दूध 45 रूपये प्रति लीटर जबकि भैंस का दूध 55 रूपये प्रति लीटर की दर से खरीद रही है।

### विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि शिमला के एम.एल.ए क्रॉसिंग के पास 15 दिनों के भीतर वैकल्पिक मार्ग तैयार किया जाएगा ताकि लोगों को आने–जाने में सुविधा हो सके। उन्होंने आज क्षेत्र का दौरा कर भूस्खलन से उत्पन्न हालात का जायज़ा लिया। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि दीर्घकालिक दृष्टि से इस क्षेत्र का वैज्ञानिक तरीके से ट्रीटमेंट कर समाधान किया जाएगा और इस सड़क के लिए अधिकारियों द्वारा डीपीआर तैयार की जा रही है। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि विधानसभा से चौड़ा मैदान–बालुगंज सड़क को भी ठीक करने के लिए समाधान निकाला जाएगा। विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि बरसात के दौरान प्रदेशभर में पुलों को क्षति हो रही है और विभाग द्वारा अतिरिक्त वैली ब्रिज की खरीद की जाएगी। बाद में लोक निर्माण मंत्री ने 16 मील स्थित राजकीय महाविद्यालय धामी का निरीक्षण भी किया। कॉलेज भवन के साथ काफी दरारें आई है जिससे कॉलेज का एक हिस्सा असुरक्षित हो गया है।

भाजपा सदस्यता

भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर मंडी ज़िले के सुंदरनगर में आज एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने की। पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व सदस्यता अभियान की प्रभारी रेखा वर्मा, प्रदेश भाजपा सहप्रभारी संजय टंडन, विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर, प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, महामंत्री बिहारी लाल शर्मा, सांसद सिकंदर कुमार और महामंत्री त्रिलोक कपूर विशेष रूप से मौजूद रहे। अपने संबोधन में रेखा वर्मा ने कहा कि सदस्यता अभियान पहली सितम्बर से शुरू होगा और पार्टी इसे संगठन पर्व के रूप में मनाती है। उन्होंने कहा कि ये अभियान सर्व समावेषी होगी जिसमें सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ हर वर्ग को पार्टी से जोड़ने का अवसर दिया जाएगा। भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने बताया कि प्रदेश में सदस्यता अभियान के दौरान 16 लाख नए सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है और हर बूथ पर 2 सौ सदस्य बनाए जाएंगे। सहप्रभारी संजय टंडन और विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने भी कार्यशाला को संबोधित किया।

कांग्रेस प्रदर्शन

कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और विपक्ष के नेता राहुल गांधी के आहवान पर कांग्रेस पार्टी ने आज देश भर में ई.डी कार्यालयों के बाहर धरना प्रदर्शन किया। सेबी के अध्यक्ष को हटाने व हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर जे.पी.सी द्वारा जांच करवाने की मांग को लेकर ये प्रदर्शन किये गये। इधर छोटा शिमला स्थित प्रवर्तन निदेशालय के कार्यालय के समक्ष भी कांग्रेस नेताओं ने प्रदर्शन किया। इसमें प्रदेश पार्टी अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और राष्ट्रीय प्रवक्ता कुलदीप सिंह राठौर सहित अन्य नेताओं ने भी भाग लिया। प्रतिभा सिंह ने कहा कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट से यह साबित हो गया है कि अदानी समूह द्वारा देश में व्यापार को प्रभावित किया गया है और व्यापार पर इस समूह का ही कब्ज़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि एक संयुक्त संसदीय समिति गठित कर इस मामले की जांच की जाये।

संगीत सभा

78वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में देशभर में अगस्त महीने के दौरान आकाशवाणी द्वारा संगीत सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आकाशवाणी शिमला द्वारा आज शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में लोकसंगीत सभा का आयोजन किया गया। आकाशवाणी व दूरदर्शन के कलस्टर प्रमुख और उप–महादिनेशक अभियांत्रिकी गुरबिंदर सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर सभा का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि आकाशवाणी देश का एकमात्र लोक सेवा प्रसारक है, और हमारा उद्देश्य सूचना, शिक्षा और मनोरंजन को जन–जन तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में लोकसंगीत सभा आयोजित की गई है और लोकसेवा प्रसारक के तौर पर हमारा ये दायित्व बनता है कि हम उन शूरवीरों को याद व नमन करें जिन्होंने देश को आजादी दिलाने के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। लोकसंगीत सभा में प्रदेश के जाने–माने लोक कलाकारों डॉ. रामस्वरूप शांडिल और पंडित कृष्ण लाल सहगल सहित अन्य कलाकारों ने खूब समां बांधा व अपनी लोक गायकी से लोगों को मंत्रमुग्ध किया। इस मौके पर आकाशवाणी व दूरदर्शन के अधिकारी व कर्मचारी और बड़ी संख्या में दर्शकगण मौजूद रहे।

---